## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 22.06.2026 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- केन्द्र सरकार ने न्याय तक पहुंच आसान बनाने के लिए दिशा कार्यक्रम के दूसरे चरण को दी मंजूरी, देश भर में एआई तकनीक से मिलेगी कानूनी मदद।
- प्रधानमंत्री के जनसेवा काल के उपलक्ष्य में देवघर–गोड्डा को मिली सात नमो एंबुलेंस की सौगात, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के सेमरा में अमर बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि।
- माध्यमिक आचार्य नियुक्ति मामले में झारखंड उच्च न्यायालय सख्त; उत्तर कुंजी न दिखने की तकनीकी खामी पर जेएसएससी से मांगा जवाब।
- सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में रांची की कॉमर्स छात्रा अवनी केजरीवाल ने रचा इतिहास; शत प्रतिशत अंक हासिल कर बनीं नेशनल टॉपर।
- 16वीं जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हॉकी झारखंड का चयन ट्रायल रांची में संपन्न; 55 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा।

*******************

केन्द्र सरकार ने न्याय तक पहुंच आसान बनाने के लिए दिशा कार्यक्रम के दूसरे चरण को 255 करोड़ रुपये के बजट के साथ मंजूरी दे दी है। यह पुनर्गठित योजना 31 मार्च 2031 तक शत–प्रतिशत केंद्रीय सहायता से सभी राज्यों में लागू रहेगी। इसमें विधि संजीवनी और एआई–संचालित न्याय सेतु चौटबॉट जैसी आधुनिक तकनीकों के जरिए तीन करोड़ लाभार्थियों तक कानूनी मदद पहुंचाने का लक्ष्य है।

*******************

दिशा समिति के सदस्य देवेश तिवारी ने रामगढ़ में प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीबों, महिलाओं और युवाओं के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। भगवान बिरसा मुंडा की धरती से आदिवासियों को बड़ी सौगातें मिली हैं। उन्होंने रामगढ़ की स्थानीय समस्याओं के जल्द निदान का भरोसा दिया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसेवा के पच्चीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देवघर और गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के निवासियों को सात अत्याधुनिक नमो एंबुलेंस की सौगात मिली है। स्थानीय सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने बाबा बैद्यनाथ की पावन नगरी शिवधाम से इस निःशुल्क एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया। सांसद की पहल पर शुरू की गई इस चौबीस घंटे उपलब्ध रहने वाली सेवा का लाभ देवघर, मधुपुर, जरमुंडी, पोड़ैयाहाट, गोड्डा और महागामा के लोगों को मिलेगा। इसके लिए टोल–फ्री नंबर 1800 112 500 जारी किया गया है।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची जिले के इटकी स्थित सेमरा गांव का दौरा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल के उपलक्ष्य में आयोजित शहीदों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम के तहत उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने शहीद विलियम प्रदीप तिर्की, प्रभु सहाय तिर्की, महावीर महली और एनएसजी कमांडो अजय भगत के परिजनों तथा वीर माताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बलिदानियों का यह गांव हमारे लिए किसी तीर्थस्थल से कम नहीं है।

*******************

माध्यमिक आचार्य नियुक्ति मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने तकनीकी खामी पर जेएसएससी से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने अभ्यर्थियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग को रिपोर्ट के

साथ हाजिर होने का निर्देश दिया। पोर्टल में गड़बड़ी के कारण अभ्यर्थी उत्तर कुंजी नहीं देख सके थे। मामले की अगली सुनवाई तीस जून को होगी।

*******************

राज्य में संचालित नशा मुक्ति अभियान के तहत आज धनबाद नगर निगम में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप नगर आयुक्त संदीप अनुराग के नेतृत्व में निगम अधिकारियों और कर्मियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली। इसके बाद विशाल मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया गया। उप नगर आयुक्त ने कहा कि आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज किया जायेगा।

*******************

राज्य सरकार ने विशेष परिस्थितियों में स्थायी कर्मचारियों को एक महीने का अग्रिम वेतन देने का निर्णय लिया है। इस राशि को दो महीने के भीतर बिना ब्याज के लौटाना होगा। तय समय पर भुगतान न करने पर इसे बारह महीनों में सामान्य ब्याज के साथ किश्तों में चुकाना होगा।

*******************

राजधानी रांची के दिल्ली पब्लिक स्कूल की कॉमर्स स्ट्रीम की छात्रा अवनी केजरीवाल ने सीबीएसई कक्षा बारहवीं की परीक्षा में एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। अवनी ने पांच सौ में से पूरे पांच सौ अंक प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल किया है। इस अभूतपूर्व सफलता से न केवल उनके विद्यालय, बल्कि पूरे रांची शहर और झारखंड का नाम देश भर में रोशन हुआ है।

*******************

जमशेदपुर में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के सफल क्रियान्वयन को लेकर बीएलओ और पर्यवेक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राजीव रंजन और अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

*******************

राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित निवारणपुर में आरएसएस कार्यालय पर हुए हमले के मामले में जांच तेज कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आतंकवाद निरोधी दस्ते की एक विशेष टीम ने आज घटनास्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। एटीएस के अधिकारियों और जवानों ने मौके से तकनीकी साक्ष्य जुटाए और वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की। रांची के आईजी मनोज कौशिक ने इसकी पुष्टि की है।

*******************

सीबीआई ने धनबाद एसबीआई शाखा के सवा करोड़ रुपये के घोटाले में बीस साल से फरार दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। विशेष अभियान के तहत आरोपी बृजभूषण प्रसाद को महाराष्ट्र और करतार सिंह को छत्तीसगढ़ से दबोचा गया। वर्ष 2005 के इस मामले में दोनों आरोपी पहचान बदलकर छिपे थे।

*******************

धनबाद पुलिस ने निरसा क्षेत्र से पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की 13 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। इन अपराधियों का धनबाद और पश्चिम बंगाल में पुराना आपराधिक इतिहास रहा है।

*******************

तमिलनाडु के कोयंबटूर में होने वाली 16वीं जूनियर राष्ट्रीय पुरुष चैंपियनशिप के लिए हॉकी झारखंड का चयन ट्रायल आज रांची में संपन्न हुआ। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आयोजित इस ट्रायल में राज्यभर से 55 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों ने बताया कि जुलाई में विशेष शिविर के बाद अंतिम 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की जाएगी।

*******समाप्त**********